ऊनी उद्योग के प्रोत्साहन में 'वूलन एक्सपो' जैसे आयोजन लाभदायक : कल्ला

बीकानेर, (कासं)। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने जिला उद्योग केन्द्र द्वारा ग्रामीण हाट में लगाये गए दस दिवसीय वूलन एक्सपो का शनिवार को अवलोकन किया।

उन्होंने यहां लगाये गए सभी 50 स्टॉल धारकों से मुलाकात की तथा उत्पादों का जायजा लिया। उन्होंने इनकी गुणवत्ता से जुड़ी जानकारी साझा की। डॉ. कल्ला ने कहा कि आर्टिजंस और और लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करने में ऐसे आयोजन बेहद लाभदायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे आमजन को इनकी जानकारी मिले और उन्हें गुणवत्तापूर्ण उत्पाद एक ही छत के नीचे मिल सकें।

उन्होंने जिला उद्योग केन्द्र द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और औद्योगिक विकास से जुड़ी योजनाओं को उद्यमियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास के मद्देनजर उद्यमियों का पूर्ण सहयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक विकास के लिए गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। गत दिनों जिला और राज्य स्तर पर बिजनेस समिट आयोजित किए गए। आने वाले समय में इसके बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे।

इस दौरान उन्होंने सिंगल प्लास्टिक के विकल्प के तौर पर उपयोग करने के लिए कपड़े के थैले वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति सुनिश्चित करें कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें। यह पर्यावरण के दृष्टिकोण से घातक होता है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न ऊनी उत्पाद खरीदे तथा विभिन्न प्रदेशों से आये उद्यमियों के उत्पादों के बारे में जानकारी ली।

जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा ने बताया कि वूलन एक्सपो 12 फरवरी तक चालू रहेगा। एक्सपो में सबसे ज्यादा स्टाल्स कश्मीर के लगाये गए हैं। कश्मीरी शॉल और पश्मीना को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। इस दौरान उद्यमी सुशील थिरानी, हल्दीराम एजुकेशनल सोसायटी के प्रतिनिधि रमेश अग्रवाल सहित उद्योग विभाग के विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

रक्तदान शिविर में की शिरकत : शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने शनिवार को लायंस क्लब द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में शिरकत की। लायंस क्लब परिसर में आयोजित शिविर में उन्होंने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की और रक्तदान को महादान बताया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है। यह अत्यंत पुण्य का काम है। उन्होंने लायंस क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और कहा कि यह कार्य दूसरों के लिए प्रेरणादायी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। इसे समझते हुए अधिक से अधिक लोगों के इस पुनीत कार्य से जुड़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि स्वस्थ व्यक्ति तीन माह में एक बार रक्तदान कर सकता है। इस दौरान उन्होंने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। लायंस क्लब के अध्यक्ष मनीष सोनी ने बताया कि शिविर के दौरान लगभग 15 सौ यूनिट रक्त संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। इसमें विभिन्न संस्थाओं और समाज के प्रतिनिधि रक्तदान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसमें जयपुर के ब्लड बैंकों के अलावा पीबीएम अस्पताल के प्रतिनिधि व्यवस्थाओं को संभाल रहे हैं।

रक्तदान शिविर के लिए रक्तदाता गाजे-बाजे के साथ शिविर स्थल पर पहुंचे। सभी ने राजस्थानी पगड़ी पहनी थी और हाथ में तिरंगे झंडे के साथ आये। यहां पहुंचने पर इस दल द्वारा शिक्षा मंत्री का स्वागत किया। शिक्षा मंत्री ने यहां आमजन की समस्याएं सुनी और इनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला (बीच में) ने ग्रामीण हाट में लगे 'वूलन एक्सपो' का अवलोकन किया। इस दौरान जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा भी मौजूद थी।

- कल्ला ने वूलन एक्सपो में लगाये गए सभी 50 स्टॉल धारकों से मुलाकात की तथा उत्पादों का जायजा लिया
- वूलन एक्सपो में सबसे ज्यादा स्टाल्स कश्मीर के हैं, कश्मीरी शॉल और पश्मीना को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है

कैंसर से बचाव की जानकारी दी

बीकानेर, (कासं)। एसडीएम राजकीय जिला चिकित्सालय में जिला एनसीडी इकाई एवं जिला चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जन जागरूकता एवं कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया गया।

इस चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को कैंसर के प्रति जागरूकता तथा समय पर जांच करवाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही कैंसर थीम 'कैंसर में सुधार के लिये-सबका साथ, सबका स्वास्थ्य' के बारे में बताया गया। इसके साथ ही कैंसर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कैंसर विशेषज्ञ डॉ. संदीप भास्कर तथा जिला कैंसर प्रभारी डॉ. संजय खत्री ने कैंसर रोग की जानकारी देते हुए आवश्यक बचाव उपचार के बारे बताया।

अधीक्षक डॉ. प्रवीण चतुर्वेदी ने बताया कि सम्पूर्ण विश्व में कैंसर रोग के बचाव के प्रति लोगों में जागरूकता बढाने के उद्देश्य से विश्व में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। शिविर में विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा रोगियों की जांच की गई और गैर संचारी रोगों की जानकारी एवं आवश्यक बचाव उपचार उपलब्ध कराया गया।

शिविर में डॉ. इशीका वशिष्ठ, डॉ. धनश्याम तंवर, डॉ. अमित अरोडा डॉ. ललित, डॉ. मो. इस्तयाक, डॉ. डी.डी श्रीमाली डॉ. हेमन्त एवं अन्य चिकित्सक शिविर में अपनी सेवाएं दी। शिविर में डायबिटिज, हाईपरटेंशन, सामान्य पुरुष एवं महिलाओं के कैंसर संबंधित स्क्रीनिंग की गई एवं आवश्यक बचाव एवं उपचार बताया गया।

सार-समाचार

ई.सी.बी. में 76 यूनिट रक्तदान

इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर में आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं ने रक्तदान किया।

बीकानेर, (कासं)। इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर के उन्नत भारत अभियान, राष्ट्रीय सेवा योजना और नेशनल कैडेट कॉर्प्स के संयुक्त संयोजन में तथा लायंस क्लब बीकानेर और रोटरी क्लब रॉयल्स बीकानेर के सहयोग से रक्तदान शिविर का महाविद्यालय प्रांगण में आयोजन किया गया। कायर्क्रम संयोजक व समन्वयक राजेन्द्र सिंह शेखावत, डॉ नवीन शमा और डॉ प्रवीण पुरोहित ने बताया कि रक्तदान शिविर के दौरान कुल 76 यूनिट रक्त ब्लड बैंक को दान किया गया। प्राचार्य मनोज कुड़ी ने बताया कि रक्तदान करने वाले रक्तदातों को लायंस क्लब बीकानेर द्वारा और ब्लड बैंक द्वारा प्रमाण पत्र व प्रशस्ति पत्र दिए गए। कार्यक्रम में एनसीसी के डॉ नरपत सिंह, डॉ श्रद्धा परमार, डॉ सुभाष पंवार, डॉ अवधेश व्यास, डॉ राकेश पूनिया, डॉ देक्रद्र गहलोत, डॉ संजय तेजस्वी, डॉ कुणाल रंगा, डॉ रणजीत सिंह, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, डॉ ममता पारीक, प्रदीप, डॉ गौरव बिस्सा, लायंस क्लब के विजय आनन्द सोलंकी, समस्त एनएएस और एनसीसी के विद्यार्थी स्वयंसेवक, अरविंद पुरोहित इत्यादि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य डॉ मनोज कुड़ी ने समस्त संस्था कार्मिकों, विद्यार्थियों, समस्त रक्तदातों का विशेष आभार प्रकट किया। भविष्य में समाज सेवा हेतु इस तरह के अन्य कार्यक्रमों के आयोजन का प्रण लिया।

रविदास जयंती पर शोभायात्रा

गंगानगर में संत रविदास की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई।

श्रीगंगानगर, (कासं)। संत रविदास के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष में शनिवार को इलाके में शोभायात्रा निकाली गई। शहर के प्रमुख इलाकों से होकर गुजरी शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। लोग दर्शन के लिए उमड़े तथा शोभायात्रा में शामिल लोगों का स्वागत सत्कार किया। शहर के रविदास नगर स्थित रविदास मंदिर से निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने वाहनों पर शानदार सजावट की। ट्रैक्टर ट्रॉलियों को सजाया गया। इन पर संत रविदास की झांकी सजाई गई। वहीं कई रागी जत्थों ने वाहनों पर ही गुरु महिमा का गान किया। शोभायात्रा को लेकर लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। सुबह से ही मंदिर के आसपास श्रद्धालु जुटने लगे। इन लोगों ने वाहनों को सजाया और शोभायात्रा में शामिल हुए। किसी ने ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर सजावट की तो कोई टैम्पो लेकर शोभायात्रा में शामिल हुआ। शोभायात्रा के आगे चल रहे गतका दल ने शानदार करतब दिखाए। शहर के रविदास मंदिर में इन दिनों धार्मिक आयोजन करवाए जा रहे हैं। शुक्रवार रात जागो यात्रा निकाली गई।

स्कूल से गैस सिलेंडर चोरी

सादुलशहर, (कासं)। सादुलशहर के निकटवर्ती गांव गदरखेड़ा में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय से चोर गैस सिलेंडर चोरी कर ले गया। कार्यवाहक प्रधानाध्यापक पृथ्वीराज चायल ने पुलिस को दिए परिवाद में बताया कि सुबह 10 बजे विद्यालय पहुंचे तो दो कमरों के ताले टूटे हुए थे। स्टाफ एसएमसी अध्यक्ष बेअंत सिंह, वार्ड पंच संदीप सिंह, सरपंच बिंदर सिंह और धर्म सिंह सहित ग्रामीणों जानकारी देकर बुलाया। कमरे खोले तो कमरा नंबर 6 में रखा गैस सिलेंडर गायब था। श्रीगंगानगर शहर में लगातार चोरी की वारदातें सामने आ रही है। तीन अलग-अलग जगहों पर दुकानों के ताले तोड़ चोर नकदी व अन्य सामान चुराकर ले गए। जानकारी के अनुसार गुड शेफर्ड स्कूल के के सामने, अग्रसेन नगर और नेहरा नगर में यह वारदातें हुई। स्थानीय लोगों की माने तो आए दिन चोरी हो रही है। मौके की वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ चोरों की निशानी तक बताई जा रही है, लेकिन पुलिस संतोषजनक कार्रवाई नहीं कर रही है।

37 सेंटर पर हुई सी.ई.टी. परीक्षा

श्रीगंगानगर, (कासं)। सी. ई. टी. परीक्षा शनिवार को शहर के 37 सेंटर्स पर शुरू हुई। सुबह से परीक्षार्थी॰परीक्षा देने के लिए पहुंचने लगे। शहर की सड़कों पर सुबह सात बजे से परीक्षार्थी और उनके परिजन नजर आने लगे। परीक्षा से एक घंटे पहले यानी आठ बजे तक इन लोगों को सेंटर्स पर प्रवेश दिया गया। सुबह ठीक नौ बजे परीक्षा शुरू हुई। हर सेंटर पर पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। शहर के सुखाड़िया सर्किल पर सेठ जीएल बिहाणी एसडी पीजी कॉलेज, स्कूल और लॉ कॉलेज में तीन सेंटर्स होने से यहां ट्रैफिक को लेकर विशेष इंतजाम किए गए। एनएच 62 पर ट्रैफिक को एक तरफ डायवर्ट कर दिया गया। कॉलेज के सामने तक स्टूडेंट पैदल ही जा सके। वहीं शहर के चौधरी बल्लूराम गोदारा गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज, मटका चौक के गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल सहित कई सेंटर्स के बाहर परीक्षार्थियों को लाइन में लगाकर प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दौरान सर्दी को देखते हुए ऊनी कपड़े और जूते पहनने की छूट दी गई।

युवक पर जानलेवा हमला, मारपीट का वीडियो वायरल

बीकानेर, (कासं)। यहां शहर के परकोटे में एक युवक की कुछ साल पहले हुई हत्या का बदला लेते हुए एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया है। इसके बाद मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। पीड़ित युवक नशे की हालत में यहां पहुंच गया था, जिसे आसपास के लोगों ने जमकर पीट दिया। उसके सिर व पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

जसोलाई तलाई क्षेत्र में एक युवक प्रदीप पुरी पहुंच गया था। प्रदीप नशे की हालत में था। उसे कुछ युवकों ने पहचान लिया। पहले उसके साथ मारपीट की गई फिर इसका वीडियो बनाया गया। इस वीडियो में गाली गलौज के साथ ही कहा जा रहा है कि गोपाली को तुम लोगों ने मारा था। प्रदीप लगातार मना करता रहा कि उसने किसी को नहीं मारा। इसके बाद भी उस पर ईंट और बेल्ट से जमकर हमले होते रहे। उसके सिर पर भी चोट लगी है। प्रदीप के पैर पर ईंट बार-बार मारी गई है, जिससे उसके गंभीर चोट आई है।

जिन लोगों ने प्रदीप पर रात में हमला किया था, उनकी पहचान कर ली गई है। नयाशहर थाना प्रभारी वेदपाल श्योराण ने बताया कि मारपीट करने वालों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही हिरासत में लेकर पूछताछ की जायेगी। पीड़ित युवक नशे में था। ऐसे में उसके परिजनों से भी संपर्क किया गया है। ये दूसरा अवसर है जब जसोलाई क्षेत्र में मारपीट का मामला सामने आया है। इससे पहले भी नयाशहर थाने के इस क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट और अपहरण के आरोप में मामला दर्ज हुआ था। परकोटे के भीतर आमतौर पर शांति रहती है लेकिन इन दिनों यहां भी लड़ाई झगड़े परवान पर है।

नाबालिग को भगा ले गया : नोखा में नाबालिग बहन को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए भाई ने नोखा थाने में मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया कि 17 वर्षीय बहन घर पर ही रहती थी। 2 फरवरी को दिल्ली निवासी सौरव वाल्मीकि बहन को बहला फुसलाकर शादी करने की नीयत से ईको कार में बैठाकर अपने साथ ले कहीं ले गया।

थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं आरोपी की तलाश में अलग-अलग थानों में भी सूचना दी गई।

- एक युवक की कुछ साल पहले हुई हत्या का बदला लेते हुए युवक पर जानलेवा हमला किया
- उसके सिर व पैर में गंभीर चोटें आई है, ईंट व बैल्ट से मारा

गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

अनूपगढ़, (कासं)। नगर पालिका की अध्यक्ष प्रियंका बैलान ने आरसीपी कॉलोनी स्थित श्री हरिओम गौशाला का औचक निरीक्षण किया।

इस मौके पर उन्होंने गौशाला की कार्यकारिणी के अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा सहित अन्य सदस्यों से भी गौशाला की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और गौशाला में घूम कर गौवंश को रखने के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष बैलान ने गौशाला कार्यकारिणी की ओर से गौवंश के लिए की गई व्यवस्थाओं को देखकर संतुष्टि जाहिर की तथा सर्दी और बरसात में गौवंश के लिए कीचड़ से होने वाली परेशानी से गौवंश को बचाने के लिए ईंटों और पेवर का खुले स्थान पर फर्श लगाने का आश्वासन दिया।

साथ ही अन्य यथासंभव सहयोग करने के लिए तुरंत प्रभाव से नगरपालिका के कनिष्ठ अभियंता मूल फूलाराम को मौके पर बुलाकर आवश्यक निर्देश दिए।

श्रीडूंगरगढ़ में हादसे में बाइक सवार की मौत

बीकानेर,(कासं)। श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। दो दिन पहले कीतासर बस स्टेंड के पास दो जनों की मौत के चौबीस घंटे के भीतर ही एक और बाइक सवार की इसी मार्ग पर एक्सीडेंट में मौत हो गई। इस बार हादसा एक खड़ी गाड़ी और बाइक के बीच टक्कर में हुई।

बाना गांव के पास सड़क किनारे खराब होने पर एक गाड़ी खड़ी कर दी गई। इस गाड़ी के आसपास किसी तरह का अवरोधक नहीं लगाया गया। ऐसे में तेज गति से आ रहे बाइक सवार को ये गाड़ी नजर नहीं आई और इससे जा भिड़ा। बाइक पर सांवरमल पुत्र मानाराम नायक और रामकरण पुत्र कानाराम कहीं जा रहे थे। ये दोनों कल्याणसर नया गांव के रहने वाले हैं। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सांवरमल ने दम तोड़ दिया। सांवरमल सोनियासर गोदारान स्थित सरकारी स्कूल में टीचर है। इससे पहले कीतासर के पास बस और कार की टक्कर में मां-बेटे की मौत हो गई थी। जबकि दो बच्चों सहित तीन अन्य घायल हो गए। इसमें एक सरकारी स्कूल की शिक्षिका घायल हो गई थी। जबकि उसके पति और सास की मौत हो गई थी। इस हादसे में घायल बच्चे को गंभीर हालत में पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया था।

ट्रेन से युवक की मौत : सुजानगढ़ के छापर रेलवे लाइन पर एक युवक की ट्रेन से कटने से मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त बजरंग दान पुत्र हरिदान चारण के रूप में हुई है। मृतक के शव को हारे का सहारा टीम के संयोजक श्यामसुन्दर स्वर्णकार, नवरत्न बिजारणियां, भागीरथ जाट ने एम्बुलेंस की मदद से बगडिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। फिलहाल मृतक के मौत के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।

- बाइक सवार सड़क किनारे खड़ी गाड़ी से जा भिड़ा

छः युवा रचनाकारों को प्रज्ञा सम्मान 7 को

बीकानेर, (कासं)। प्रज्ञालाया संस्थान द्वारा साहित्यिक नवाचार के तहत राजस्थानी, हिन्दी एवं उर्दू भाषा के छः युवा रचनाकारों का प्रज्ञा सम्मान 7 फरवरी को सांय 5:30 बजे स्थानीय नागरी भण्डार स्थित सुदर्शन कला दीर्घा में दिया जायेगा।

संस्था के युवा शिक्षाविद राजेश रंगा ने बताया कि नगर की वे प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाएं जिनकी उम्र 35 वर्ष तक की है। उन्हें उनके सृजनात्मक योगदान के लिए प्रज्ञा सम्मान-2023 दिया जायेगा। कार्यक्रम प्रभारी कासिम बीकानेरी ने बताया कि सम्मान समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार एवं राजस्थानी भाषा परामर्श मण्डल नई दिल्ली के संयोजक मधु आचार्य करेंगे। वहीं समारोह में राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा का सानिध्य रहेगा। कार्यक्रम की सहयोगी संस्था स्व. नरपत सिंह सांखला स्मृति संस्थान के समन्वयक संजय सांखला ने बताया कि इस आयोजन में चयन उपरांत राजस्थानी के आशीष पुरोहित, व्यास योगेश राजस्थानी, हिन्दी के आनन्द मस्ताना, गोपाल पुरोहित एवं उर्दू के मुफ्ती अशफ़ाक गौरी एवं शफीक अहमद रचनाकारों को माला, प्रशंसा-पत्र, शॉल से सम्मानित किया जायेगा।

- बीकानेर के 35 साल तक के युवा रचनाकार सम्मानित होंगे

मोबाइल टावर लगाने का विरोध

रतनगढ़ , (निसं)। शास्त्री नगर में लगाये जा रहे मोबाइल टावर का विरोध करते हुए शनिवार को टावर लगाने आये कम्पनी के कर्मचारियों को मोहले वासियों ने विरोध कर वापस भेज दिया।

विरोध कर रहे मोहल्ले वासियों ने बताया कि एक निजी कम्पनी द्वारा शास्त्री नगर में 5 जी टावर लगाया जा रहा है जो गलत है, क्यों कि यहां घनी आबादी है और पास ही स्कूल तथा आंगनबाड़ी केन्द्र भी है जिसमें सैकडों बच्चे अध्ययनरत है 5 टावर से निकलने वाली रेडिएशन से मोहल्ले वासियों सहित विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर होगा। इस संबंध में पहले भी एसडीएम तथा नगर पालिका ईओ को ज्ञापन दिया चुका है। इस दौरान गौतम महर्षि, विद्याधर शर्मा, रामवतार शर्मा, किशनलाल जांगिड, निर्मल प्रजापत, कमल पोद्दार मौजूद थे।

'सोलह पद खाली, जो टीचर है वो भी दो घंटे देरी से आते हैं'

बीकानेर, (कासं)। जिले के सत्तासर में स्थित सरकारी स्कूल में टीचर्स के विलम्ब से आने पर ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। स्कूल के बाहर ताला लगा दिया।

लेटलतीफ टीचर्स पर कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद ही स्कूल को फिर से खोला गया। स्कूल में पांच सौ स्टूडेंट्स पर महज आठ टीचर पढ़ा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले लम्बे समय से सत्तासर के इस स्कूल में टीचर्स दो-दो घंटा विलम्ब से आ रहे हैं। कुछ टीचर्स नहीं आ रहे। ऐसे में स्कूल में पढ़ाई नहीं हो रही। एग्जाम नजदीक आ रहे हैं लेकिन अब तक कोर्स पूरा नहीं हुआ।

ग्रामीणों ने कई बार स्कूल प्रशासन को इस बारे में सूचना दी लेकिन टीचर्स फिर भी समय पर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में शनिवार को स्कूल पर ताला लगा दिया। सरकारी स्कूलों में टीचर्स के रिक्त पदों की स्थिति यहां भी बनी हुई है। सत्तासर के सीनियर सैकण्डरी स्कूल में चौबीस पद रिक्त है, जिसमें आठ ही टीचर काम कर रहे हैं। 16 पद खाली पड़े हैं। पांच सौ से ज्यादा बच्चों के लिए महज आठ टीचर ही पढ़ा रहे हैं। ऐसे में अधिकांश पीरियड खाली ही रहते हैं।

बताया जा रहा है कि पिछले दिनों ट्रांसफर के बाद ये पद रिक्त हो गए। केबिनेट मंत्री गोविन्दराम मेघवाल खाजूवाला सहित अनेक क्षेत्रों से टीचर्स के ट्रांसफर का विरोध किया था। उन्होंने शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला की शिकायत करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र भी लिखा था।

- बीकानेर के सत्तासर में सरकारी स्कूल में शिक्षकों के देरी से आने पर ग्रामीणों ने गेट के ताला ठोका
- लेटलतीफ टीचर्स पर कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद ही स्कूल को फिर से खोला गया

तीरंदाजों को खेलों से जुड़ी फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी

बीकानेर, (कासं)। जनसंपर्क कार्यालय का फ्लैगशिप योजनाओं के प्रचार-प्रसार का अभियान शनिवार को भी जारी रहा। इसके तहत ब्रह्म बगीचा स्थित एकलव्य तीरंदाजी अकादमी के तीरंदाजों को खेलों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई।

विभाग के सहायक निदेशक हरिशंकर आचार्य ने बताया कि राज्य सरकार, खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कृत संकल्प है। राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों ने प्रदेश में खेलों के प्रति वातावरण निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरकार द्वारा ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वालों को 3 करोड़, रजत पदक जीतने वालों को 2 करोड़ और कांस्य पदक जीतने वालों को 1 करोड़ रुपए प्रोत्साहन स्वरूप दिए जा रहे हैं। अब तक लगभग 250 खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न नौकरी दी गई है।

बीकानेर में सहायक निदेशक (जनसंपर्क) हरिशंकर आचार्य ने तीरंदाजों को राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी।

इस दौरान सरकार की 33 फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गई। योजनाओं पर आधारित प्रश्नोत्तरी में मान्यता सुथार और केशव पुरोहित विजेता रहे। तीरंदाजी के अंतर्राष्ट्रीय कोच अनिल जोशी ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश के खिलाड़ियों ने देश और दुनिया में प्रदेश को विशेष पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि बीकानेर के तीरंदाज श्यामसुंदर स्वामी ने पैरा ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व किया। वहीं शूटर वेदिका शर्मा ने डेफ ओलंपिक में देश के लिए पदक जीता। नवरतन जोशी ने सुजस मोबाइल ऐप के बारे में बताया तथा कहा कि अब तक 60 हजार से अधिक लोगों ने इस ऐप को डाउनलोड किया है।

- सरकार द्वारा ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वालों को 3 करोड़, रजत जीतने वालों को 2 करोड़ और कांस्य पदक जीतने वालों को 1 करोड़ रुपए प्रोत्साहन स्वरूप दिए जा रहे हैं

'रोगी को जल्द ठीक करने की असली दवा है पैरामेडिकल स्टाफ'

बीकानेर, (कासं)। विश्व कैंसर दिवस पर आचार्य तुलसी कैंसर रिसर्च सेन्टर के सभागार में संजीवनी द लाइफ वियोड कैंसर की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राजकीय नर्सिंग कॉलेज के अध्ययरन विद्यार्थी और पीबीएम अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ए. एच. गौरी ने कहा कि किसी भी रोगी को जल्द ठीक करने की असली दवा पैरामेडिकल स्टाफ ही होता है। अगर वे लगन और निष्ठा से काम करें तो किसी भी रोग का निदान संभव है। कोरोना काल इसका उदाहरण है। जिसमें नर्सिंग स्टाफ ने ऑक्सीजन मित्र के रूप में काम करके इस संकट की घड़ी में एक मिसाल पेश की।

उन्होंने कहा इसी तरह कैंसर जैसी बीमारी से रोगी को ठीक किया जा सकता है। अगर उसमें आत्मविश्वास जगा कर उसका सही समय पर इलाज हो तो कैंसर पर भी विजय पाया जा सकता है।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि महावीर इंटरनेशनल की रेणु गुजरानी ने कहा कि संस्थान कैंसर जागरूकता व रोगियों के लिये बेहतर तरीके से काम कर रही है। सेन्टर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सुरेन्द्र बेनीवाल ने कहा कि निसन्देह कैंसर एक गंभीर बीमारी है लेकिन असाध्य नहीं इसे जागरूकता से हराया जा सकता है।

विश्व कैंसर दिवस पर अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ए. एच. गौरी (बीच में) ने पैरामेडिकल स्टाफ को निष्ठा से काम करने की शपथ दिलाई।